जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 120
दिनांक 20.07.2023

जनेकृविवि में अनुवांशिकी के जनक मेंडल का मनाया गया जन्मदिवस
पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग का शानदार आयोजन

जबलपुर 20 जुलाई, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के अंतर्गत पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग द्वारा अनुवांशिकी के जनक कहे जाने वाले ग्रेगर जान मेंडल का जन्म दिवस 20 जुलाई को विभाग में मनाया गया। गरिमामय आयोजन में मेण्डल द्वारा अनुवांशिकी के क्षेत्र में किये गये महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्यों का सम्पूर्ण विवरण पावर पांइट प्रजन्टेशन के माध्यम से डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि संकाय द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डॉ. खरे द्वारा ग्रेगर जान मेंडल के जन्म स्थल, स्मारक स्थल, अनुसंधान एवं निवास स्थल को सचित्र प्रस्तुत किया गया। अनुवांशिकी के क्षेत्र में मेंडल द्वारा 2 नियम प्रतिपादित किये गये थे जो पौध प्रजनन एवं अनुवांशिकी हेतु मील का पत्थर साबित हुये हैं। जिसके माध्यम से नवीन किस्मों का विकास तथा उनके विभिन्न गुणों का विधिवत अध्ययन किया जाता है। मेण्डल के इन सिद्धांतो ंके द्वारा ही कृषि में हरित क्रांति का उद्भव माना जाता है।

इस कार्यक्रम में पौध प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं संचालक विस्तार सेवाऐ, जबलपुर डॉ. सी. बी. सिंह, विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. व्ही. के. गौर, प्रोफेसर पी. के. मोईत्रा, डॉ. पी. सी. मिश्रा एवं डॉ. नवीन शर्मा ने मेंण्डल की जीवनी पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे।

इस कार्यक्रम का आयोजन पौध प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आर. एस. शुक्ला द्वारा विभाग के सभागार में आयोजित किया गया। जन्मदिवस कार्यक्रम में सभी प्रोफेसर्स, वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, शोध रत, छात्र—छात्राऐं उपस्थित थे।